दिनांक: 12.04.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में छायी प्रचार की रंगत–आम सभाओं और जनसम्पर्क के माध्यम से मतदाताओं को साधने के प्रयास जारी।
- आम चुनाव के मद्देनज़र राज्य में 1 लाख 55 हज़ार से अधिक लाइसेंसी हथियार जमा–एन्फोर्समेंट एजेंसियों ने अब तक की 634 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रचंड गर्मी और लू से निपटने की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक।
- राज्य में कई स्थानों पर तेज़ हवा के साथ हुई बारिश–बारां, झालावाड़, भीलवाड़ा, कोटा और बूंदी सहित आज कई स्थानों के लिए येलो अलर्ट।

....

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश में विभिन्न राजनैतिक दलों की ओर से किये जा रहे प्रचार की रंगत छाई हुई है और मतदाताओं को साधने के प्रयास लगातार जारी हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बाड़मेर में जनसभा को संबोधित करेंगे। वे केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री और बाडमेर से भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी के समर्थन में आदर्श स्टेडियम में आयोजित रैली में हिस्सा लेंगे। इसके बाद श्री मोदी का दौसा में रोड़ शो का कार्यक्रम है। हमारे संवददाता ने बताया कि विभिन्न पार्टियों के स्टार प्रचारक भी चुनावी दौरे और आमसभाएं कर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने में जुटे हुए हैं।

....

आम चुनाव को देखते हुए प्रदेश में पुलिस, अवैध हथियारों और वांछित अपराधियों की धरपकड़ का काम मुस्तैदी से कर रही है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता लागू होने से अब तक एक हजार 162 अवैध हथियार जब्त किये गये और एक लाख 55 हजार से ज्यादा लाइसेंसी हथियार जमा किये गये हैं। श्री गुप्ता ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें पाबंद किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में अब तक 1 लाख 67 हजार से अधिक लोगों को पाबन्द किया जा चुका है।
वहीं विभिन्न एन्फोर्समेंट एजेंसियों की ओर से 634 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध सामग्री पकड़ी जा चुकी है। आचार संहिता की अवधि के दौरान अब तक 13 जिलों से बीस–बीस करोड़ रुपये से अधिक कीमत की वस्तुएं जब्त की जा चुकी हैं। इनमें सबसे ज्यादा 32 करोड़ रुपये से अधिक की सामग्री पाली जिले से जब्त की गयी है।

....

प्रत्येक मतदाता तक मतदान का संदेश पहुंचाने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाये जा रहे सतरंगी सप्ताह के तहत विभिन्न गतिविधियां हो रही हैं। इसी कड़ी में आज आसमानी रंग की थीम पर ''कोई मतदाता छूटे न, इस बार ये ठानी है'' स्लोगन के साथ कई आयोजन हो रहे हैं।
भरतपुर में ''सवेरे वोट डारबे जरूर जाईयो'' थीम पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया और नरेगा श्रमिकों को मतदान शपथ दिलवाई गयी। भयमुक्त मतदान के लिए पुलिस और आरएसी की ओर से फ्लैग मार्च किया गया।

....

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हनुमानगढ़ जिले के व्यापारिक संस्थाओं ने एक नई पहल की है। हमारी संवाददाता ने बताया कि मतदान करने वाले को ये संस्थाएं कई तरह की छूट देंगी।

....

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140—52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सुनिये चूरू से हमारे श्रोता का संदेश —

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आने वाले दिनों में प्रचंड गर्मी और लू से निपटने की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। कल नई दिल्ली में हुई इस बैठक में इस अप्रैल से जून की अवधि के लिए तापमान के अनुमान के बारे में बताया गया। इस दौरान देश के अधिकांश हिस्सों में तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। इसके मद्देनजर स्वास्थ्य क्षेत्र में दवाइयां, इंट्रावीनस तरल पदार्थ, आइस पैक, ओआरएस और पीने के साफ पानी के इंतजाम के बारे में भी चर्चा की गयी। इसके साथ ही क्षेत्रीय भाषाओं में आवश्यक जागरुकता सामग्री टेलीविजन, रेडियो और सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स के माध्यम से दिये जाने पर जोर दिया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि केन्द्र, राज्य और जिला स्तर पर सरकार के सभी मंत्रालयों को तालमेल के साथ इस पर काम करने की जरूरत है।

....

राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान पश्चिमी विक्षोभ के असर से आंधी और बारिश हुई। इसके साथ ही कुछ जगह ओले गिरे। चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, सीकर और राजधानी जयपुर में भी हल्की बारिश हुई। बांसवाड़ा और डूंगरपुर में दिनभर तेज गर्मी के बाद शाम को मौसम का मिज़ाज बदला और तेज हवाओं के साथ बरसात का दौर शुरू हुआ। बांसवाड़ा जिले के ग्रामीण इलाकों में कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। बारां में मांगरोल, बड़ा गांव और अंता में गरज के साथ बूंदाबादी हुई और तेज हवाओं का दौर जारी रहा। करौली जिले में आज कई स्थानों पर बूंदाबांदी के समाचार हैं। दिनभर की तपिश के बाद हुई बारिश से तापमान में गिरावट आई है और लोगों को गर्मी से मामूली राहत मिली। पाली के बाली उपखंड में कल करीब चार घंटे तक रुक—रुक कर बारिश का दौर जारी रहा। इससे खेतों में पड़े गेहूं के खराब होने की आशंका है।

मौसम केन्द्र जयपुर से मिली जानकारी के अनुसार जयपुर और जोधपुर संभाग में तापमान 38 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा 42 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान बाड़मेर में रहा। केन्द्र ने आज बारां, झालावाड़, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, कोटा और बूंदी के लिए बरसात का येलो अलर्ट जारी किया है।

केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आज कई स्थानों पर हल्की बारिश के आसार हैं।

....